# भाजपा को रोकने के लिये कांग्रेस ने मैदान ही छोड़ दिया : राहटकर

■ भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर ने पत्रकारों से बातचीत की

**बांसवाडा, (निसं)।** भाजपा को रोकने के प्रयासों में कांग्रेस पार्टी अपना अस्तित्व ही खत्म करती जा रही है और इसी के चलते पहली बार वह प्रदेश की मात्र 23 सीटों पर ही अपने प्रत्याशी मैदान में उतार पायी है।

राष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी का मैदान छोड़ना अचरज की बात है। उक्त उद्गार भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में व्यक्त किये। राहटकर ने दावा किया कि राज्य में भाजपा हैट्रिक लगाने जा रही है। राज्य की जनता ने तय कर लिया है कि उसे वोट किसे देना है। उन्होंने बताया कि राज्य में भाजपा के प्रति अभूतपूर्व वातावरण है और जनता का अपार समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को मिलता दिखाई दे रहा है।

उन्होंने बताया कि जनता मानने लगी है कि मोदी जो कहता है वही करता है इसीलिये दस वर्षो की प्रगति को देखकर लोग मोदी को ही चुनना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने किसान, महिला, मजदूर, युवा सभी वर्गो के हित में काम किया है। राज्य में भाजपा सरकार बनने से पूर्व कांग्रेस की सरकार थी लेकिन आज हालात ये हो गये हैं कि विपक्ष कहीं नजर ही नहीं आ रहा है। कुछ माह पहले तक जो सरकार में थे वे आज गायब हैं क्योंकि झूठे वादे किये और जनता ने ऐसी सरकार को ठुकराकर आईना दिखा दिया। इसी का परिणाम है कि आज जिन लोगों को कांग्रेस का टिकिट दिया जा रहा है वे ही चुनाव लडने से मना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा का संकल्प पत्र सभी को साथ लेकर चलने का वायदा करते हुए विश्वास भी दिलाता है क्योंकि मोदी की नीति-नियत और विश्वास दस साल के कार्यो से जनता का दिल जीत चुका है। उन्होंने बताया कि हम जनता के बीच पूरी नम्रता के साथ जायेंगे और 25 सीटों पर जीत दर्ज कराकर हैट्रिक लगायेंगे। पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, चुनाव सह प्रभारी दिनेश भट्ट, संयोजक ओम पालीवाल, प्रदेश मंत्री अनिता कटारा, जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, जिला प्रमुख चित्तौड गढ भूपेंद्र बारडोली, धर्मेंद्र राठौड, लोकसभा मीडिया प्रभारी संजय पंड्या, दिलीप अधिकारी, रवि कलाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय में प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा जिलाध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने एक दशक में भारत को गौरवान्वित किया है अब हम सब जिम्मेदारी का निर्वाह करे क्योंकि यह अवसर है जब तीसरी बार मोदी सरकार बने तो अपना योगदान दर्ज होना चाहिए ताकि आत्म संतोष का भाव हो। राहटकर ने इसके बाद चुनाव प्रबंधन समिति एवं कोर टीम की बैठक लेकर निर्देश दिए। बैठक में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, सह प्रभारी दिनेश भट्ट, ओम पालीवाल, जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, प्रदेश मंत्री अनिता कटारा, धर्मेंद्र राठौड, दीनदयाल सिंह, कृष्णा कटारा, हकरु मईडा, मुकेश शर्मा, दीपसिंह वसुनिया, संजय पंड्या आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### ताराचंद मीणा को समर्थन की घोषणा

**उदयपुर, (निसं)।** वामपंथी पार्टियों ने उदयपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार ताराचंद मीना को समर्थन देने की घोषणा की है। माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने बताया कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में देश के लोकतंत्र और संविधान को भारी खतरा पैदा कर तानाशाही से सत्ता को चलाया है, जिससे आम जनता लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों से वंचित हो रही है। सिंघवी ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। सिंघवी ने कहा कि भाजपा का अबकी बार 400 पार नारे को बहलाने के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा सीटों के लिए ना हो पेट्रोल डीजल की रेट के लिए है। सिंघवी ने बताया कि बुधवार को कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार ताराचंद मीना माकपा कार्यालय शिराली भवन में आए और उन्होंने वामपंथी पार्टियों से समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर भाकपा के राज्य परिषद सदस्य घनश्याम टावर, जिला सह सचिव हिम्मत चांगवाल, कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुस्तफा शेख, भाकपा (माले) की केंद्रीय कमेटी सदस्य फरहद बानो, माकपा की रानी माली एवं कार्यालय सचिव मुनव्वर खान सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू परिहार आदि मौजूद थे।

### धार्मिक स्थल की प्रतिमा तोड़ने का प्रयास

**उदयपुर, (निसं)।** सवीना थाना क्षेत्र में रोड़ किनारे स्थित भेरूजी बावजी मंदिर की प्रतिमा तोड़ने का प्रयास करने वाले मंदबुद्धि को पुलिस ने हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को एक व्यक्ति द्वारा सविना थाना क्षेत्र मनवाखेड़ा गांव में रोड़ किनारे स्थित कानपुलिया मंदिर में लगी भेरूजी बावजी की प्रतिमा तोड़ने एवं मौके पर पाट पर आगजनी करने की सूचना फैलने से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इधर सूचना पर सविना थानाधिकारी फूलचंद टेलर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां आक्रोषित भीड़ द्वारा कार्यवाही करने की मांग पर पूछताछ के बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। इसको लेकर ग्रामीणों एवं पुलिस ने पडताल करने के बाद मंदबुद्धि हो होकर उसके द्वारा अटपटी हरकतें करने की जानकारी सामने आई।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** डबोक थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय पिकअप की टक्कर से महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डबोक थाना क्षेत्र में क्वारी माईन्स के समीप रोड़ पर पिकअप वाहन की चपेट में आने से घायल सुन्दरपुरा भीण्डर निवासी उमा कुंवर (47) पत्नी शंभूसिंह राजपूत की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। उमा कुंवर मंगलवार को महराज की खेड़ी निवासी अपनी बहन के वहां पर मेहमान जाने के लिए बस में बैठ कर हाईवे पर पहुंची। जहां से पैदल पैदल जाते समय बीच रास्ते क्वारी माईन्स के समीप हादसा हो गया। इसको देख उसे उपचार के लिए चिकत्सालय पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई भंवरसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### विश्व धरोहर दिवस पर व्याख्यान

**उदयपुर, (निसं)।** महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर की ओर से आयोज्य वार्षिक गाइड व्याख्यानमाला के तहत विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में फाउण्डेशन के सभागार में राजस्थान राज्य अभिलेखागार के निदेशक डॉ. नीतिन गोयल ने सिटी पैलेस उदयपुर के गाइड्स को व्याख्यान दिया। इस अवसर पर महाराणा मेवाडचैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस को मानते हुए फाउंडेशन, प्रतिवर्ष वार्षिक गाइड व्याख्यान माला का आयोजन कर प्राचीन धरोहरों की जानकारियों से अवगत होने हेतु सिटी पैलेस के गाइड्स के लिए ऐसे विशेष व्याखान करवाए जाते रहे हैं। व्याख्यान में डॉ गोयल ने मेवाड की धरोहर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए मेवाड के प्राचीन अभिलेखीय अभिलेखों के ऐतिहासिक महत्व को समझाया। फाउंडेशन की ओर से डॉ. गोयल का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**उदयपुर, (निसं)।** गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज (गिट्स) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ प्लाज्मा रिसर्च अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में गिट्स प्रांगण में 5 दिवसीय प्लाज्मा के दौरान उदयपुर व चित्तौड़ सम्भाग के स्कूल के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में गिट्स सहित 100 से ज्यादा शिक्षकों ने भाग लिया। यह प्रदर्शनी 19 अप्रेल तक आयोजित की जा रही हैं।

संस्थान निदेशक डॉ. एन.एस. राठौड ने बताया कि तकनीकी हमारे सोच से भी ज्यादा तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में नवीनतम तकनीकों से कदम से कदम मिलाकर समाज में चलना होगा। इसलिए विद्यार्थियों के साथ अध्यापकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इसी के तहत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिससे अध्यापकगण अपने व्यवसायिक विकास के साथ स्कूली पाठ्यक्रम में प्लाज्मा व उस पर आधारित अनुप्रयोगों को सम्मिलित करने का सुझाव दे सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाराणा मेवाड पब्लिक स्कूल, उदयपुर, सेन्ट्रल एकडमी स्कूल, उदयपुर, इण्डो अमेरिकन स्कूल, उदयपुर, केलीबर सीनियर सेकण्डरी स्कूल, चित्तौडगढ के शिक्षकों ने भाग लिया।

## मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया

■ सतरंगी सप्ताह के पहले दिन रैली निकाली

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्वीप गतिविधि के तहत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुलदीप जैन ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के पहले दिन समावेशी वाकथन रैली का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साबला से किया गया।

रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर साबला के विभिन्न मार्गों से होती हुई अम्बा माता चौक, वहा से संत मावजी चौराहा पहुंची। वहां मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया। रैली को स्काउट व गाइड के द्वारा विभिन्न स्लोगन के माध्यम से लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली मुख्य मार्ग से होते हुए रैली वापस विद्यालय पहुंची। रैली में आरपी भूपेंद्र शर्मा, मनोज कुमार हेड कांस्टेबल साबला,मोनिका सुथार सहायक कृषि अधिकारी, संगीता परमार रेखा पाटीदार, प्रमोद भट्ट, मितेश भट्ट पंचायत समिति साबला, डॉ. मनोज शर्मा टेकचंद चौहान पशुपालन विभाग, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, गाइडर करुणा जैन विद्यालय के स्टाफ, स्काउट गाइड, पुलिस विभाग,पंचायत समिति, सीएचसी साबला सहित विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने इस रैली रूपी महायज्ञ में भाग लेकर लोगो को प्रेरित किया। रैली का समापन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में हुआ। प्रधाना चार्य हरिश्चंद्र ठाकुर ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्काउट प्रभारी कपिल व्यास ने किया। लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार भी स्काउट गाइड के वालियन्टयर्स को मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं की सहायता हेतु नियुक्त किया गया है जो आने वाले मतदाताओं को मतदान करने में सहायता करेंगे। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बिछीवाडा सचिव सोहनलाल भगोरा ने बताया कि स्थानीय संघ बिछीवाडा के बूथों पर नियुक्त स्काउट वालियन्टर्स का प्रशिक्षण पंचायत समिति वार आयोजित किया जा रहा है जिनमें स्काउट को व्हीलचेयर, ले जाना, लाईन मैनेज करना, दिव्यांग मतदाताओं को पहले वोट दिलवाना, मेडिकल आवश्यकता होने पर बूथ के उपस्थित मेडिकल टीम को सूचित करना आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वालियन्टर मतदान दिवस पर स्काउट गाइड पूर्ण पोशाक में रहेंगें।

## हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से 23 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर दोनों संगठनों के कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

जिला मुख्यालय पर बुधवार को महोत्सव के पत्रक का विमोचन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री तुलसीराम गायरी ने महोत्सव को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में बताया कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से 23 अप्रेल को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रस्तावित भव्य शोभायात्रा के निमित बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज देनोरिया का प्रवास रहेगा। इस दौरान नगर के सभी चौराहे भगवा ध्वज से सजावट कर पूरे शहर को भगवामय बनाया जाएगा। सभी ग्राम समितियों व खण्डों की बैठकें प्रत्येक दिन ली जा रही हैं। जिले के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी व सभी कार्यकर्ता व प्रखण्ड के सभी दायित्व वान कार्यकर्ता पूरे सभी क्षेत्रों मे लगे हुए हैं। घर- घर जाकर शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

## सार-समाचार

### हर्षित विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत

**उदयपुर, (निसं)।** सीए संस्थान नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति में उदयपुर के सीए हर्षित जैन को विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया। हर्षित को उनके अंतर्राष्ट्रीय मामलों में उनकी प्रतिभा को देखते हुए बोर्ड में शामिल किया है। सीए हर्षित जैन ने बताया कि सीए संस्थान नई दिल्ली संस्थान समिति सदस्यों की वैश्विक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने और उनके साथ द्विपक्षीय तकनीकी सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करके विकासशील देशों में अकाउंटेंसी पेशे को संस्थागत बनाने के लिए योग्यता की पारस्परिक मान्यता को बढावा देने में भी सक्रिय रूप से लगी हुई है और महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आईसीएआई की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति अंतर्राष्ट्रीय निकायों, विदेशी सरकारों और प्रासंगिक लेखा संगठनों के साथ मजबूत संबंधों को बढावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह प्रमुख मंचों पर आईसीएआई का प्रतिनिधित्व बढाकर विश्व स्तर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट ब्रांड को बढाने का भी प्रयास करता है।

### 'कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता योद्धा'

**उदयपुर, (निसं)।** लोकसभा वॉररूम के अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने कांग्रेस वॉररूम में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता योद्धा है। अपने आप को उम्मीदवार मानकर कांग्रेस प्रत्याशी ताराचंद मीणा को जीताने का काम करें। शर्मा ने कहा जनता आज भी गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को मन में संजोयें हुए हैं। शर्मा ने कार्यकर्ताओं को कहा की जनता को वार्ड एवं बूथ स्तर तक राहुल गांधी की पांच गारंटियों युवा न्याय, नारी न्याय, हिस्सेदारी न्याय, श्रमिक न्याय, एवं किसान न्याय से अवगत करवायें। इस मौके पर उमेश शर्मा, यशपाल शर्मा, भगवान सोनी, जमनालाल साहू, कन्हैया लाल साहू, हिमांशु चौबीसा, डॉ. संदीप गर्ग, राजवीर मेघवाल, एनके शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर, (निसं)।** रामनवमी से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि आलोक स्कूल के श्री राम मंदिर में सरक्षक डॉ प्रदीप कुमावत एवं धीरेंद्र सिंह सचान के सानिध्य में पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम हुआ, जिसके अंतर्गत आज से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक प्रतिदिन के कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमेंगुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी को मतदान करने की अपील की जाएगी एवं शपथ दिलाई जाएगी ,आज के कार्यक्रम में करणवीर सिंह राठौड ,सुनील कालरा, बसंती देवी वैष्णव, वीणा राजगुरु, रंजीत खोखर, गोविंद सिंह राजपूत , सुरेश खुराना, गिरिराज भावसार , शशांक टाक , नारायण शर्मा, सुरेश सुथार, मनीष तिवारी, जय राज अचार्य, राजीव भारद्वाज, मनमोहन भटनागर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### हादसे में किशोरी की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** खेत पर काम करते समय आग लगने से झुलसी किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीडी थाना क्षेत्र पडूणा फला लोयड़ा गांव में आग लगने से झुलसने पर घायल पडूणा फला लोयड़ा गांव निवासी अनिता कुमारी (16) पुत्री चतरा मीणा की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को अनिता अपने खेत पर काम कर रही थी। इस दौरान वहां पड़ी घास में अचानक आग लगने पर वह झुलस गई थी। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

### प्रवक्ता रीतु मीणा आज आएंगी

**उदयपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रीतु चौधरी एवं डॉ. टीना करमवीर सड़क मार्ग द्वारा दिल्ली से उदयपुर पहुंचेंगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि गुरूवार को कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी एवं कांग्रेस प्रत्याशी तारा चन्द मीणा के समर्थन में प्रचार में शामिल होगी।


# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





**Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world** having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**

**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Computer Science/IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design)
**M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research**
**M.Sc.** (Computer Science)
**M.Sc.** (Data Science)
**M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**M.Sc.** (Physics)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**

**B.Arch.**+

**LAW**

**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law)

**AVIATION**

**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**LIFE SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology#)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research** (Biotechnology)
**B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)
**M.Sc.** (Microbiology)#

**EARTH SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**

**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research**
**M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**

**M.A.** Music (Vocal/Sitar), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**DESIGN**

**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/ Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research** (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, French#)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**

**B.A.B.Ed.*, B.Sc.B.Ed.*** (Integrated), **B.Ed., M.Ed.**

**HOME SCIENCE**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**

**B.Sc. Nursing***

#Subject to approval
+JEE-2 & NATA qualified

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.

**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2024-25
Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION
**30 April, 2024**

**SCHOOL EDUCATION DIVISION**

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

**Enquiries can be made at**

- **For general enquiry:** 9352879844, 9352879855, 9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
9116624102 (Engineering & Technology)
9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
9116624105 (Law & Management Studies)
9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

**How to Apply**

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org**
or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE World University Rankings 2024
nirf All India Rank
QS University Rankings Asia